तेरा श्याम तो तेरे ही घर के मंदिर में बैठा भजन लिरिक्स

तेरा श्याम तो तेरे ही,
घर के मंदिर में बैठा,
तू क्यों रोता है बेटा,
मंदिर बंद है तो क्या,
तेरा श्याम तो तेरें ही,
घर के मंदिर में बैठा।bd।

तर्ज – दिल दीवाने का।

तू रोज़ सवेरे उठकर,
घर के मंदिर को सजाता,
फिर बैठ मेरे आगे,
तू मेरा ध्यान लगता,
जब ध्यान लगाए मेरा,
मैं निहारु तुझको बैठा,
तेरा श्याम तो तेरें ही,
घर के मंदिर में बैठा।bd।

हर बार तू खाटू आता,
मेरे द्वारे शीश झुकाता,
पैदल चलके तू प्यारे,
मुझको निशान चढ़ाता,
तू प्रेम भाव से मुझको,
भजन सुनाता मीठा,
तेरा श्याम तो तेरें ही,
घर के मंदिर में बैठा।bd।

तू मत घबराना प्यारे,
तेरे नियम जो खाटू द्वारे,
स्वीकार करूँगा आकर,
तेरे घर मंदिर में सारे,
'दीपक' का सहारा बनकर,
मन मंदिर में बैठा,
तेरा श्याम तो तेरें ही,
घर के मंदिर में बैठा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा श्याम तो तेरे ही,
घर के मंदिर में बैठा,
तू क्यों रोता है बेटा,
मंदिर बंद है तो क्या,
तेरा श्याम तो तेरें ही,
घर के मंदिर में बैठा।bd।

Singer & Writer – Deepak Choudhari

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com